हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


खाना खिलाने के लिए कन्याओं को गली-गली ढूंढते नजर आए... 10


डांडिया की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने मोहा मन 10

## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने जुलानी रेलवे फाटक के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि जुलानी रेलवे फाटक के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### योगासन प्रतियोगिता के ट्रायल लिए

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि में ऑल इंडिया इंटर विवि योगासन प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को ट्रायल लिए गए। योग विभाग प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में लड़कों की स्पर्धा वेल्स इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस चेन्नई व लड़कियों की स्पर्धा बेंगलुरु में 24 से 28 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि गत वर्ष विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से कांस्य पदक प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया था।

### राइस मिल से गेहूं के बैग चोरी के दो आरोपित पकड़े

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव धरौदी राइस मिल से गेहूं बैग चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। टोहाना निवासी सुशील ने गत 25 अगस्त को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने गांव धरौदी के निकट राइस मिल लगाया हुआ है। जिसमें गेहूं का स्टॉक लगाया गया है। पीछे से चोरों ने मिल से 500 बैग गेहूं को चोरी कर लिया।

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** डिफेंस कॉलोनी से चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। डिफेंस कॉलोनी कैथल के राजेंद्र कुमार ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को चोर सायं के समय उसके घर में घुसकर वहां पर रखा उसका मोबाइल फोन, रेडियो व अन्य सामान चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रामपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### नौकरी का झांसा दे रुपये हडपने के दो आरोपी काबू

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे का फर्जी आईकार्ड तथा ज्वायनिंग लैटर देकर दो लाख रुपये हडपने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बरटा निवासी जगदीश ने 25 जून 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी पटियाला चौक निवासी रामकेश की मार्फत गांव बिधराना निवासी मुकेश से जान पहचान हुई थी। मुकेश ने बताया कि उसकी रेलवे के अधिकरियों से अच्छी जान पहचान है।

### 14 बोतल देशी शराब सहित आरोपी काबू

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते चौकी अनाज मंडी पुलिस द्वारा आरोपी को 14 बोतल देशी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अनाज मंडी चौकी पुलिस के एचसी नसीब सिंह व एचसी गौरव सिंह की टीम द्वारा सूचना के आधार पर अतिरिक्त अनाज मंडी कैथल स्थित दुकान पर दबिश देकर आरोपी गांव प्योदा निवासी जसमेर सिंह को काबू कर लिया गया।

### चोरों ने तीन बाइकों को बनाया निशाना

**कैथल।** जिले में सक्रिय दोपहिया वाहन चोर अलग-अलग स्थानों तीन बाइक चुराकर ले गए। पहले मामले में बोपुर के अजमेर सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर 28 सितंबर की रात को अनाज मंडी चीका से बाइक चुरा कर ले गए। दूसरे मामले में जाखोली के संदीप ने बताया कि 28 सितंबर को अस्पताल के निकट खड़ी बाइक चुरा कर ले गए।

## कैथल: जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखी 15 में से 10 शिकायतों का किया मौके पर निवारण

# लापरवाही बरतने पर आईओ पर कार्रवाई करने के निर्देश

### विदेश न भेजकर दस लाख की धोखाधड़ी

**डीसी ने तीन मामलों में एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश**


**कैथल।** डीसी प्रीति जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायत सुनते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रीति ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, मारमीट करने तथा फाइनेंस कंपनी द्वारा महिला के पैसे काटने से संबंधित अलग-अलग शिकायतों पर सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को तुरंत एफआईआर दर्ज करने निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने हमला करने की शिकायत के मामले में जांच में लापरवाही बरतने पर संबंधित जांच अधिकारी (आईओ)के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कुल 15 में से 10 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। बैठक में पुरानी शिकायतों में शामिल पहली शिकायत में सीवन गेट निवासी मनजीत सिंह ने आरोप लगाया था कि उसने उसकी बेटी को विदेश भेजने के लिए रवि व अन्य से संपर्क किया। जो चंडीगढ़ में फर्म चलाते हैं। उन्होंने उसकी बेटी को विदेश न भेजकर उसके साथ नौ से दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। इस पर डीसी ने डीएसपी से इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज करने संबंधित स्टेटस रिपोर्ट मांगी। लेकिन पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई नहीं पाई गई। जिस पर डीसी प्रीति ने डीएसपी को तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इस शिकायत को लंबित रखा गया। दूसरी शिकायत में जनकपुरी कालोनी निवासी सतीश कुमार की थी। अपनी शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि उसके पड़ोस में किराये पर रहने वाले चार युवकों को गली में शराब पीने पर टोकने पर उसके साथ मारपीट की। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**कार्रवाई के निर्देश**

अगली शिकायत में प्रताप गेट कैथल पर संचालित संत गुरु रविदास सभा द्वारा संचालित स्कूल के प्रांगण में भरे पानी की निकासी व मिट्टी भराव की मांग की थी। इस मामले में नगर निकाय विभाग द्वारा समस्या का समाधान करवा दिया गया है। इसलिए इस शिकायत का निपटान कर दिया गया। वहीं जमीन की मलकियत को लेकर डीसी ने डीएमसी को रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भेजने तथा आगामी कार्रवाई नगर निकाय विभाग के नियमानुसार करने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद**

जिप सीईओ सुरेश राविश, जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, कैथल एसडीएम अजय सिंह, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, सीटीएम गुरविंद्र, डीएसपी ललित सहित जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## जींद: परिवेदना समिति की बैठक में रखी 12 शिकायतों में से 8 का निपटान

### शिक्षामंत्री नहीं पहुंचे डीसी ने की अध्यक्षता


**जींद।** जिला परिवेदना समिति की बैठक में आमजन की शिकायत सुनते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीआरडीए सभागार में मंगलवार को जिला परिवेदना समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुल 12 शिकायतें समाधान के लिए रखी गई थी। इनमें से परिवादी पक्ष की सुनवाई एवं सहमति के बाद आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। चार शिकायतों की सुनवाई के दौरान आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को करनी थी लेकिन न आने पर डीसी ने शिकायतें सुनी। पेंडिंग शिकायतों बारे अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर अगली बैठक में पूरे विवरण के साथ रखने के लिए कहा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला परिवेदना समिति की बैठक आमजन की शिकायतों का निपटारा करने का बेहतर प्लेटफार्म है। बैठक का आयोजन तय समय पर किया जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ- साथ ग्रीवेंस कमेटी के गैर सरकारी सदस्यों की मौजूदगी में हर शिकायतकर्ता की फरियाद सुनी जाती है और बारीकी से हर पहलू पर गौर करने के बाद यथा उचित कार्यवाही की जाती है। इसमें परिवादी पक्ष की संतुष्टि को बराबर महता दी जाती है।

**बैठक में रहने के निर्देश**

बैठक में विजय कुमार ने डीसी के समक्ष शिकायत रखते कहा कि वह गरीब परिवार से है और फर्नीचर का कार्य करता है। उनकी बेटी की शादी जनवरी 2024 में संपन्न हुई थी। श्रम विभाग ने मेरे नाम से कन्यादान के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसकी अभी तक विभाग द्वारा अदायगी नही की गई है। शिकायत पर संज्ञान लेते डीसी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रार्थी का नियमानुसार आवेदन मुख्यालय को भेजा जाए ताकि प्रार्थी कन्यादान राशि उपलब्ध करवाई जा सके। शिकायत को अगली बैठक में रखने के लिए भी कहा गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवेदना समिति बैठक में स्वयं हाजिर रहना सुनिश्चित करें। कृष्ण कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी जमीन पर अन्य व्यक्तियों द्वारा गलत तरीके से रजिस्ट्रेशन करवा कर गया है।

**ये रहे उपस्थित**

मनोहरपुर निवासी कर्ण सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने स्पष्ट किया कि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन सिंचाई एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस बारे अवगत नही करवाया गया। जिसकी वजह से बैठक तथा परिवादी पक्ष दोनों का समय बर्बाद हुआ है। डीसी ने दोनों विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम उचाना दलजीत सिंह, एसडीएम सफीदों पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश मोनिका रानी, आरटीए गिरीश कुमार, महाप्रबंधक रोडवेज राहुल जैन, डीआरओ राजकुमार सहित अन्य अधिकारी तथा ग्रीवैंस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# एसडीओ पर मनमानी का आरोप

- एचएसईबी वर्कर यूनियन का गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन


**सीवन।** बिजली बोर्ड प्रांगण में नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले मंगलवार को तीसरे दिन सोमवार को भी बिजली बोर्ड प्रांगण में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान राजकुमार ने की, जबकि मंच संचालन सचिव पवन कुमार ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधान राजकुमार ने कहा कि बिजली बोर्ड के एसडीओ सीवन लगातार कर्मचारियों के साथ मनमानी कर रहे हैं। कर्मचारियों के नाजायज तबादले किए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लाइन स्टाफ के पास किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। प्रधान ने साफ किया कि जब तक कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कर्मचारियों ने एसडीओ के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपने गुस्से का इजहार किया।

# चीका-पटियाला सड़क पर लगाया जाम

- धान की खरीद न होने से भड़के किसान, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


**गुहला चीका।** किसानों से बातचीत करते एसडीएम प्रमेश सिंह।

धान की खरीद में हो रही देरी और लिफ्टिंग न होने से नाराज किसानों ने चीका-पटियाला मार्ग पर जाम लगा दिया। गुस्साए किसानों ने सड़क जाम किया व नारेबाजी की। भाकियू युवा विंग के नेता संदीप संधू ने बताया कि सरकार द्वारा 22 से धान की खरीद का ऐलान तो कर दिया गया, लेकिन अब तक खरीद एजेंसियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसान कई दिनों से धान लेकर मंडियों में डटे हैं।

**भारी नुकसान हो रहा**

लेकिन खरीद नहीं हो रही, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राइस मिलर पहले ही अवैध रूप से धान की जमाखोरी कर चुके हैं, और अब सरकारी एजेंसियां केवल कागजों में खरीद दिखाकर फर्जी गेट पास काटने की तैयारी में हैं। किसानों ने मांग की कि सभी शैलरों की तत्काल जांच कर अवैध स्टॉक पकड़ा जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने कहा कि तीनों अधिकृत एजेंसियों डी, एफ सी, हैफेड और वेयर स्टेट हाउस को एक ही दिन में खरीद प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

**एसडीएम के आश्वासन पर माने**

घटना की सूचना मिलने पर मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश और थाना चीका प्रभारी अमन कुमार मौके पर पहुंचे। प्रारंभ में किसानों ने कोई बात नहीं मानी, लेकिन एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह मोके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को उंचअधिकारियों तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि धान की खरीद और उठान का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द दुरुस्त कर दिया जाएगा और किसानो को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# गांव रसूलपुर के युवक ने फंदा लगाकर जान दी

- बहन का रिश्ता टूटने से परेशान होने के बाद उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन खंड के रसूलपुर गांव में बहन का रिश्ता टूटने से परेशान होने के बाद भाई के फंदा लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक की बहन की सगाई कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर गांव में हुई थी। मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने युवती के ससुराल पक्ष के दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक ने फंदा लगाने से एक वीडियो बना उसकी बहन के मंगेतर को मौत का जिम्मेदार भी ठहराया है। शिकायत में मृतक की पत्नी आरोप लगाया है कि उसकी ननद के ससुराल पक्ष के लोग सगाई के कुछ दिन बाद ही दहेज व अन्य संसाधनों की मांग करने लगे थे। जब उनकी मांग पूरी न हुई तो परिवार को टॉर्चर करना शुरू कर दिया। उसकी ननद के पंसद न आने का बहाना बनाया। सीवन थाना एसएचओ सुनीता रानी ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर जांच के बाद कर्ण व दलजीत कौर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


**जींद।** मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

**02 डेंगू पॉजिटिव मिले, आंकड़ा 29 पहुंचा**

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग को दो डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव का आंकडा 29 पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग को जिन दो लोगों की डेंगू की रिपोर्ट मिली है वो शहर के ही हैं। डेंगू के मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आसपास घरों पर दस्तक दी और बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। बाकायदा घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया व कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करते हुए पोस्टर आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि जिले में सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में 668 डेंगू के मामले सामने आए थे। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। विभाग की तरफ से सितंबर व अक्तूबर डेंगू के लिए पीक सीजन माना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी पर पनपता है। यह मौसम मच्छरों के पनपने लिए पूरी तरह से अनुकूल है।

### कनाडा भेजने के नाम पर चौबीस लाख रुपये ठगे

**कैथल।** गुहला थाना पुलिस ने रसूलपुर में युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 24 लाख ठगने का मामला दर्ज किया है। गुहला थाना पुलिस को दी शिकायत में रसूलपुर निवासी राजपाल ने बताया कि वह कनाडा जाना चाहता था। इसके लिए उसने आरोपी अमनदीप, उसकी पत्नी मानसी व आर्यन वर्मा से बातचीत की। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने की बात कही और उसके पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए। साथ ही उससे अलग-अलग समय में 24 लाख रुपए की राशि ऑनलाइन माध्यमों से और नकद ले ली। उसने अक्टूबर 2024 में आरोपियों को ये रुपए दे दिए। रुपए लेने के बाद पहले तो आरोपी आश्वासन देते रहे कि जल्द ही उसे विदेश भेज दिया जाएगा, लेकिन जब बार-बार उनसे इस संबंध में पूछा गया तो आरोपी उसे कनाडा भेजने से मुकर गए।


जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौपते मिड डे मील कर्मचारी

**जिला स्तरीय प्रदर्शन का नोटिस सौंपा**

**कैथल।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान रीतू शर्मा की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के उप अधीक्षक के माध्यम से 6 अक्तूबर के जिला स्तरीय प्रदर्शन का नोटिस सौंपा। सीटू जिला प्रधान व मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष साथी सत्यवान व सीटू जिला सचिव साथी नरेश रोहेड़ा प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। बताया कि समस्याएं 2 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बार-बार निदेशक हरियाणा व जिला अधिकारी से मिलने के बाद भी अपनी-अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ते टाल-मटोल का रवैया जारी है। जिसको लेकर मिड डे मील वर्कर्स में गहरा रोष है। उन्होंने कहा कि ऊपर से त्यौहार है और सभी वर्कर गरीब घरों से संबंध रखती हैं व काफी संख्या में विधवा हैं।

### जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट को लेकर राशि जारी

**जींद।** जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों के लिए 70.31 लाख रुपये की राशि जारी की जाएगी। इसमें से हर जिले के लिए 3.19 लाख रुपये की राशि तय की है। कल्चरल फेस्ट में कक्षा पांचवीं से आठवीं व कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी निर्देश दिए हैं कि कई जिलों में कल्चरल फेस्ट में निर्णायक मंडल की भूमिका में राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों अथवा प्रध्यापकों को नियुक्त किया जा रहा है। इससे परिणाम में भेदभाव होने की संभावना रहता है। इसलिए निर्णायक मंडल का चयन करते समय राजकीय महाविद्यालयों या विश्वविद्यालयों में कार्यरत विद्ववान जिन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम में महारत हासिल हो उनको प्राथमिकता दी जाए।

**परेशानी** खानपुर पीजीआई या अग्रोहा मेडिकल कालेज कर रहे रेफर

# नागरिक अस्पताल में आंख, कान, नाक व गले के विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है लेकिन अस्पताल में गले, नाक व कान का चिकित्सक (ईएनटी) न होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल में डा. अरविंद (ईएनटी) हैं जो फिलहाल छुट्टी पर चल रहे हैं लेकिन उनके पास प्रशासकि कार्यभार भी है। अब स्थिति यह है कि ईएनटी न होने के चलते मेडिकल करवाने आने वाले अभ्यार्थियों को खानपुर मेडिकल कालेज या फिर अग्रोहा मेडिकल का रास्ता दिखाया जा रहा है। वहीं आम मरीजों को निजी चिकित्सालयों का रूख करना पड़ रहा है और जेब ढीली कर धक्के तक खाने पड़ रहे हैं। नागरिक अस्पताल में आंख, कान, नाक व गले (ईएनटी) के विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन को बिना विशेषज्ञ के मरीजों को खानपुर पीजीआई या अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को दूरदराज के संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। यह समस्या तब और गंभीर हो गई है जब पूर्व ईएनटी विशेषज्ञ डा. बृजेंद्र घणघस ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के तहत सेवानिवृत्ति ले ली। डा. घणघस प्रतिदिन 200 तक मरीजों की ओपीडी देखते थे। इसके अलावा वे सर्जरी व ऑपरेशन भी करते थे।

**जल्द ईएनटी चिकित्सक मिलेगा**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कुछ बीमारियां ऐसी हैं, जिनके विशेषज्ञों की यहां सख्त आवश्यकता है। इनमें कान, नाक, गले (ईएनटी) चिकित्सक भी शामिल है। ईएनटी चिकित्सक की डिमांड स्वास्थ्य मुख्यालय से की गई है। उम्मीद है कि जल्द ही अस्पताल को ईएनटी चिकित्सक मिलेगा।

**निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा**

अस्पताल में आए कुलदीप, सतीश, सुशील ने बताया कि बिना ईएनटी विशेषज्ञ के इलाज के अभाव में उन्हें निजी अस्पतालों पर निर्भर होना पड़ रहा है। जहां खर्चा हजारों में पहुंच जाता है। वहीं सरकारी नौकरी के लिए जरूरी मेडिकल के लिए अभ्यार्थी को खानपुर या अग्रोहा जाना पड़ता है। जो समय व पैसे दोनों की बर्बादी है।

### जल संरक्षण अभियान के तहत काटे जाएंगे अवैध कनेक्शन

**जींद।** पेगा में जल संरक्षण अभियान चला कर अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे व पेयजल की बर्बादी करने वाले अवैध कनेक्शन धारकों को नोटिस दिए जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार डा. रणधीर मताना ने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा खुले नलों द्वारा पानी बर्बादी की शिकायत की जा रही है। इन शिकायतों को दूर करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन की प्रत्येक गांव में टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय-समय पर गांव में जल संरक्षण अभियान चला कर पेयजल से संबंधित समस्याओं को दूर कर रही है। कहा कि सभी ब्लॉक में खंड सम्यक द्वारा ग्राम सत्र पर विभाग के कर्मचारियों से संपर्क करके उन्हें इस अभियान को और तेज गति से चलने के लिए कहा है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**जींद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में एनसीसी कैडेट्स द्वारा इको फ्रेंडली प्लास्टिक फ्री इंडिया विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने की। जबकि प्रतियोगिता के ओवरऑल इंचार्ज एनसीसी अधिकारी नसीब खटकड़ रहे। संस्थान में कुल 34 एनसीसी कैडेट्स नामांकित हैं।

### सीआरएसयू में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया टीबी मुक्त भारत अभियान साल 2025 तक देश को क्षय रोग (टीबी) से पूरी तरह मुक्त कराने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रसीदां निवासी सुबेग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटा अर्शदीप बाइक पर सवार होकर घर की तरफ आ रहा था। उसी दौरान तेजरफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

### कैरियर उन्मुख सॉफ्टवेयर की जानकारी दी

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं नियोजन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सफलता के लिए टैली, इसे क्यों सीखें और यह आपके कैरियर को कैसे सशक्त बनाता है विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि रोजगारपरक शिक्षा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाती है।

### वीएलडीए प्रवेश परीक्षा में निशांत ने पाया चौथा स्थान

**जींद।** न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला के मेधावी छात्र निशांत ने हाल ही में आयोजित लुवास वीएलडीए प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों और प्रिंसिपल लाजवंती ढिल्लों ने निशांत के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि यह सफलता उसके अथक परिश्रम और स्कूल के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

### शराब ठेके के विरोध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अर्बन एस्टेट सैक्टर 11 के सी ब्लाक में शराब का नया ठेका खोलने तथा उसको भगवान परशुराम चौक के साथ लगती जमीन पर स्थापित करने से लोगों में भारी रोष है। मंगलवार को वार्ड नंबर 21 के नगर पार्षद सतपाल तथा वार्ड नंबर 22 की नगर पार्षद संतोष देवी की अगुवाई में स्थानीय नागरिकों ने उचाना के विधायक देवेंद्र चतुरभुज अत्री को ज्ञापन देकर भगवान परशुराम चौक के साथ जमीन पर ठेका स्थापित करने से रोकने की गुहार की।

### समस्याओं को लेकर श्रमिकों ने उठाई आवाज

**जींद।** गांव हथवाला और पौली के मनरेगा श्रमिकों ने मंगलवार को एक सभा कर अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार आवाज उठाई और सरकार को चेतावनी दी कि यदि काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से उन्हें काम नहीं मिल रहा है।

### शोध रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की दर में गिरावट

**जींद।** जिले में कार्यरत गैर सरकारी संगठन एमडीडी आफ इंडिया के राष्ट्रीय सहयोगी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण शोधपत्र में देश में बाल विवाह में भारी गिरावट आने का दावा किया गया है।

*श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन करवाकर व्रत समाप्त किए*

# खाना खिलाने के लिए कंजकों को गली-गली ढूंढ़ते नजर आए श्रद्धालु

*मंदिरों में कन्याओं के लिए सामूहिक भोज का किया आयोजन*

**अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न**


जींद। नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन करवाते श्रद्धालु व जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पूजा अर्चना कर व्रत समाप्त किए लेकिन श्रद्धालुओं को कन्याओं को ढूंढने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कन्याओं को भोजन कराने के लिए श्रद्धालु उन्हें गली-गली ढूंढते नजर आए। कन्याओं को एकत्रित करने के लिए श्रद्धालु एक गली से दूसरी गली तक भी गए। उधर, शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्याओं को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मन्नतें पूरी करती हैं। यह भी मान्यता है कि जब तक कन्याओं को भोजन न कराया जाए तब तक व्रत सफल नहीं होता। इसी मान्यता के चलते मंगलवार को सुबह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराया तथा अन्न प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत समाप्त किया। श्रद्धालुओं ने सुबह जहां कन्याओं को शीघ्र भोजन करा व्रत समाप्त कर अन्न ग्रहण करने को उतावले दिखे वहीं कन्याओं को ढूंढने के लिए भी उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ लोगों को तो भोजन कराने के लिए कन्याएं न मिलने पर मंदिरों में सामूहिक रूप से भोजन करा कर काम चलाया। वहीं कुछ कन्याओं नेकई-कई घरों में भोजन किया। उधर, ऐतिहासिक जयंती मंदिर में



आठवें नवरात्र पर हवन पूजन हुआ। उचाना में भी नवरात्र की अष्टमी पर घरों में माता की पूजा-अर्चना हुई। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने कंजकों को भोजन करवा कर अपने व्रत पूरे किए। सुबह की कंजकों को भोजन करवाने के लिए एक-दूसरे घरों में भोजन करने गई कंजकों को लेने के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। हलवा, पूरी का प्रसाद वितरित करने के साथ-साथ लंच बॉक्स, बर्तन, स्कूल किताबों के अलावा अन्य गिफ्ट भी कंजकों को दिए। प्रिया, रवीना, सुनीता ने कहा कि अष्टमी पर कंजकों को भोजन करवा कर व्रत पूरा किया जाता है। साल में दो बार नवरात्र आते है।

# सीजेएम ने किया कलम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण


जींद। बच्चों से बातचीत करते हुए सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने मंगलवार को कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर आश्रम में कुल 23 बच्चे मौजूद थे। प्राधिकरण सचिव ने आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बच्चों से उनके खान-पान, रहने और शिक्षा की स्थिति के बारे में विस्तार से बातचीत की गई। सीजेएम मोनिका ने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए कि बच्चों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न आए और बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही न की जाए। प्राधिकरण सचिव ने यह भी बताया कि 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर, जींद, नरवाना और सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 पर किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है।


नरवाना। वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### फ्री मेडिकल वैन सेवा को हरी झंडी

**नरवाना।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा के बाढ़ ग्रस्त और जल भराव ग्रस्त इलाकों में जनसेवा की एक और अनूठी पहल की शुरुआत की है। इसी अभियान के तहत नरवाना शहर और क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बीमारियों से बचाव के लिए डॉक्टरों सहित निशुल्क मेडिकल वैन, दवाइयों की सुविधा का प्रबंध किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने जयराम अस्पताल नरवाना में अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से लैस निशुल्क मेडिकल वैन सेवा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके साथ बेहतरीन महिला और पुरुष डॉक्टर की टीम भी इलाके में अपनी सेवाएं देगी। जो मौके पर ही रोगियों का मैडिकल चेकअप करके दवाइयां द्वारा इलाज करेगी। बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने बताया कि इससे पहले भी अभी हाल ही में जनसेवा अभियान के तहत सांसद रणदीप सुरजेवाला द्वारा हरियाणा के बाढ़ ग्रस्त और जल भराव ग्रस्त इलाकों में स्वच्छ पेयजल और बीमारियों से बचने के लिए चार्ली टॉरनेडो मशीन से छिड़काव की व्यवस्था की है।

### आठ से बाल भवन में होंगी प्रतियोगिताएं

**जींद।** जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकियत चहल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं आठ अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक बाल भवन में आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है तथा विजेता प्रतिभागियों को जिला, जोनल और राज्य स्तर पर अपनी कला एवं कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तरीय विजेताओं को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ अक्टूबर को कार्ड मेकिंग, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, थाली, कलश सज्जा, एकल गीत और वाद-विवाद प्रतियोगिता होंगी। नौ अक्टूबर को दीया, कैंडल सज्जा, क्ले मॉडलिंग, हैंडराइटिंग, एकल शास्त्रीय नृत्य, एकांकी नाटक और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होंगी।13 अक्टूबर को फैंसी ड्रेस, क्विज, मजेदार खेल और बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता होंगी।

### सचिन जिंदल अध्यक्ष, आशीष बने महासचिव

**जींद।** अग्रोहा धाम विकास ट्रस्ट युवा विंग की जुलाना इकाई का गठन कर दिया गया है। जिसमें सचिन जिंदल को अध्यक्ष और आशीष तायल को महासचिव नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां जुलाना में हुई बैठक में की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर कंप्यूटर, जिला प्रधान एडवोकेट ईश्वर दास गोयल, उप प्रधान राम विलास मित्तल एवं जिला युवा प्रधान दीपक गोयल ने विशेष रूप से शिरकत की। सभा में आपसी विचार-विमर्श और सहमति से सचिन जिंदल को अध्यक्ष तथा आशीष तायल को महासचिव घोषित किया गया। घोषणा के साथ ही उपस्थित समाजजनों ने तालियां बजाकर खुशी व्यक्त की। तत्पश्चात पदाधिकारियों ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पटका पहना कर सम्मानित किया। नव नियुक्त अध्यक्ष व महासचिव ने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाएंगे। सभा को संबोधित करते श्री महावीर कंप्यूटर व एडवोकेट ईश्वर दास गोयल ने उपस्थित लोगों से आगामी सात अक्टूबर को अग्रोहा में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आह्वान भी किया।


जींद। बैठक में नई नियुक्तियां करते महावीर कम्प्यूटर व ईश्वर गोयल।


जींद। मां भगवती की आरती गाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### माता वैष्णवी धाम में महायज्ञ का आयोजन

**जींद।** परमात्मा न स्त्री है न पुरूष है। जैसा जिसका भाव होए उसे वैसा ही वह दिखता है। अतः जिस भी भाव से उनका भजन करोगेए उसी स्वरूप में उनकी प्राप्ति हो जाएगी। यह वाक्य आचार्य पवन शर्मा ने माता वैष्णवी धाम में दुर्गा सप्तमी की पावन रात्रि सोमवार को उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष अपने प्रवचन में कहे। रघुनंदन शर्मा, महेन्द्र मंगला, मिकिन अरोड़ा, पूर्ण गिरधर ने सपरिवार भगवती कालरात्रि की पूजा अर्चना कर महायज्ञ में आहुति अर्पित की। आचार्य ने कहा कि प्रभु तक पहुंचने के लिए मातृ भाव सर्वाधिक सरल है। पुत्र चोर हो, व्यभिचारी अथवा जुआरी होए अवज्ञाकारी हो, मां को कष्ट देने वाला होए बुरे से बुरा होए किन्तु माता का स्नेह पुत्र के लिये किसी काल में भी कम नहीं होता। पुत्र कुपुत्र हो सकता है किंतु माता कभी भी कुमाता नहीं हो सकती है और हमारी मां पराम्बा तो माताओं की भी माता है तो क्यों न हम उन्हें अनन्यभाव से पुकारें। एक बार सच्चे हृदय से पूर्ण आद्रता के साथ उन्हें पुकार कर तो देखो वे आए बिना रूकेंगी नहीं।

### बाली वध का बेहतरीन दृश्य दिखाया

**नरवाना।** पुरानी अनाज मंडी में रामा भारतीय कला केंद्र द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। नौवें दिन मंच पर अशोक वाटिका, रावण दरबार, लंका दहन, रावण विभिषण संवाद, बाली वध के एक से एक बेहतरीन दृश्य दिखाए गए। रामलीला मंचन के पहले दृश्य में दिखाया गया कि रावण अशोक वाटिका में आकर सीता को बहलाने की कोशिश करता है लेकिन सीता रावण की किसी भी बात को मानने के लिए तैयार नहीं होती। उसके बाद क्रोध में आकर रावण तलवार से उस पर वार करता है, इतने में वहां मौजूद त्रिजटा उसे रोक देती है। अशोक वाटिका में ही सीता परेशान होकर अपने आप को खत्म करने का प्रयास करने लगती है। तभी वहां हनुमान पहुंच जाता है और सीता और हनुमान के बीच बड़ा संवाद चलता है। क्योंकि सीता हनुमान पर एक बार में विश्वास नहीं करती। जब हनुमान राम द्वारा दिया हुआ आभूषण दिखाता है तो सीता मान जाती है। उसके बाद हनुमान वाटिका में लगे फ ल तोड़कर खाने लगता है और वाटिका को तहस नहस कर देता है। जम्बू माली द्वारा हनुमान को भगाने की कोशिश की जाती है।


नरवाना। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि


जींद। सेमीनार में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ें

**जींद।** राजकीय महिला कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग और महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के संयुक्त तत्वावधान में युवा सशक्तिकरण में एनजीओ की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजकुमार भोला ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। यदि उन्हें सही दिशा और अवसर मिले तो वे समाज परिवर्तन की धारा को नया मोड़ दे सकते हैं। स्वयंसेवी संगठन इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहे हैं। ये केवल सहयोगी संस्थाएं ही नही बल्कि समाज और नेतृत्व के बीच सेतु का कार्य करती हैं। भोला ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं सेवा और सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ें।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### प्लास्टिक फ्री ड्राइव का आयोजन

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत इको क्लब द्वारा प्लास्टिक फ्री ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के अनेक छात्र व छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और महाविद्यालय को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने का संकल्प लिया। यह अभियान विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करने में सफल रहा। विद्यार्थियों ने परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई। पोस्टर के माध्यम से लोगों को कपड़े और जूट के थैले अपनाने का संदेश दिया। इको क्लब की संयोजिका अंजना धवन ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण आज एक गंभीर चुनौती है और युवाओं की भागीदारी ही इसे रोक सकती है। अभियान को सफल बनाने में भगवान दास, अंजना धवन, ममता, कमलेश, नीतू और सविता का विशेष योगदान रहा।

# महिला विकास निगम द्वारा पात्र महिलाओं को चालक व आत्मरक्षा का दिया जाएगा प्रशिक्षण

- 21 दिवसीय चालक प्रशिक्षण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक संतोष यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जींद जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मारुति सुजुकी व अशोका लीलैंड कंपनी द्वारा संचालित अनुमोदित ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूलों के माध्यम से 21 दिवसीय चालक प्रशिक्षण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने हेतु महिलाओं की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वे हरियाणा राज्य की मूल निवासी हों। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं पास होनी चाहिए। जबकि उच्चतर योग्यता को वरीयता दी जाएगी। आवेदिका की दृष्टि अच्छी हो तथा रंग दृष्टिहीनता न हो और उनके पास वैध लर्नर लाइसेंस होना आवश्यक है। इसके अलावा गरीबी रेखा से नीचे अथवा जिन परिवारों की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र के अनुसार 1.80 लाख रुपये या इससे कम हैं, वे महिलाएं भी इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। प्रशिक्षण लेने वाली प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

**अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं होगा**

इच्छुक महिलाएं 28 अक्टूबर तक निर्धारित आवेदन प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित ईमेल 1982 एचडब्ल्यूडीसी एट द रेट ऑफ जीमेल डॉट कॉम अथवा दस्ती तौर पर जिला प्रबंधक कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगमए जींद में जमा करा सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिला प्रबंधक ने बताया कि आवेदन के साथ आवेदिका का मोबाइल नंबर, ईमेल पता तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।


जींद। स्वच्छता अभियान चलाए हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के इतिहास विभाग द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। यह अभियान महात्मा गांधी की स्मृति में उनकी जयंती दो अक्टूबर के मौके पर मंगलवार को को गांधी पार्क स्कीम पांच में चलाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को इस अभियान के तहत गांधी पार्क की सफाई करने के लिए रवाना किया व छात्राओं से कहा कि गांधी जी के सिद्धांत व स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इस सफाई अभियान में इतिहास विभाग (पीजी) व अन्य 40 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग पीजी की प्राध्यापिकाएं सोनी गोयल, कोकिला, बिंदु व मेनका द्वारा किया गया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं के इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की सराहना की।

**कार्यक्रम** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में डांडिया पर्व का आयोजन

# डांडिया की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने मोहा सबका मन

*पर्व मां दुर्गा की अराधना और शक्ति साधना का प्रतीक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में नवरात्र के अवसर पर कक्षा नर्सरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी अध्यापिकाओं के साथ मिल कर नवरात्र पर्व हर्षोल्लास से मनाया। बच्चों ने रंग बिरंगे पारम्परिक परिधानों में सजधज कर डांडिया की थाप पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने अपने नृत्य से पूरे वातावरण को उल्लासमयी बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत नवरात्र महोत्सव को समझाने से हुई। जिसमें


जींद। डांडिया खेलते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



अध्यापिकाओं ने बच्चों को बताया कि यह पर्व मां दुर्गा की अराधना और शक्ति साधना का प्रतीक है। इसके बाद बच्चों ने डांडिया को हाथ में लेकर अपनी अध्यापिकाओं के साथ मस्ती भरे कदम मिला उनकी मासूम अदाओं और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। संगीत और ताल पर बच्चों की झूमती प्रस्तुतियों ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय परम्पराओं से जोड़ते हैं और उनमें आनंद उत्साह और सामूहिकता की भावना का विकास करते हैं।


जींद। बैठक करते सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### जयंती कार्यक्रम को लेकर किया मंथन

**जींद।** मैढ सुनार सभा द्वारा आगामी पांच अक्टूबर को स्थानीय सैक्टर छह में स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदि देव महाराज अजमीढ की जयंती धुमधाम से मनाई जाएगी। महाराज अजमीढ मन्दिर व धर्मशाला प्रांगण में आयोजित इस अवसर पर महाराज अजमीढ मंदिर व धर्मशाला प्रागण में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि समाज के पूर्वज महाराजा अजमीढ जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय कर दी गई है। जयंती समारोह में समाजसेवी सुमेरचंद वर्मा बतौर मुख्यअतिथि तथा राजेश कुमार उर्फ भोला अति वशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। इस अवसर पर समाज से संबंधित राज्य के सरंपच, पंच, जिला पार्षद, नगर निगम पार्षदों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभा के महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा पखवाड़े के तहत आगामी दो अक्टूबर को पौधारोपण व स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## सड़क सुरक्षा हम सब की साझी जिम्मेदारी : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। यह केवल किसी प्रतियोगिता या अभियान तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सड़क सुरक्षा केवल सरकार व जिला प्रशासन का ही जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी नागरिक स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और युवा पीढी को भी इसके प्रति प्रेरित करें, ताकि किसी परिवार का चिराग न बुझे।

## दुर्गा अष्टमी पर्व पर वस्त्र व जूते चप्पल बांटे

**राजौंद।** श्याम हरी सेवा ट्रस्ट द्वारा दुर्गा अष्टमी के दिन ईंट भट्ठे पर जाकर वस्त्र व जूते चप्पल बांटे गए। संस्था के प्रधान सतीश शर्मा ने बताया की नवरात्रि पर्व पर व्रत रखने व तपस्या करके जहां कन्या पूजा अर्चना करके पुण्य प्राप्त करने की मंशा होती है। ठीक उसी प्रकार माता व प्रकृति के किसी भी स्वरूप को प्रसन्न कर उनकी आपार कृपा पाने के लिए सच्ची सेवा करके ही भगवान माता व प्रकृति किसी भी अन्य स्वरूप को खुश किया जा सकता है।

## रोजगार क्षमता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**कैथल ।** आरकेएसडी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग, कैरियर गाइडेंस सेल, प्लेसमेंट सेल, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल तथा नांदी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक साप्ताहिक रोजगार क्षमता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल एवं साक्षात्कार तकनीक से सशक्त किया गया।

## अध्यापकों और विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**गुहला-चीका।** भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा आज डी,ए, वी कॉलेज चीका में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए भव्य सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि वाल्मीकि यूनिवर्सिटी मुंदड़ी जिला कैथल के कुल सचिव संजय गोयल रहे।अध्यापकों और प्रिंसिपल का सम्मान कार्यक्रम में 60 स्कूलों से आए 117 अध्यापकों और स्कूल प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया।

### 12.80 लाख की लागत से बने भवन का उद्घाटन

# गांव को मिला आधुनिक आंगनबाड़ी भवन

> आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह भवन बच्चों की शिक्षा व पोषण में सहायक सिद्ध होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इसी क्रम में गांव मांड़ी सदरां में 12.80 लाख रुपये की लागत से बने आधुनिक आंगनवाड़ी भवन का शुभारंभ जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल ने किया। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह भवन न केवल बच्चों की शिक्षा व पोषण का केंद्र बनेगा, बल्कि महिलाओं को भी जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह दिखाएगा। ग्रामीणों ने चेयरमैन का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कर्मवीर कौल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव में बच्चों को ऐसा माहौल मिले जहां वे खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त कर सकें और शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से मजबूत बनें। इस भवन में स्मार्ट लर्निंग सामग्री, खेल-कूद की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और सुरक्षित वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और अभिभावकों का भरोसा भी मजबूत होगा। चेयरमैन ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र न केवल बच्चों की शिक्षा का आधार हैं, बल्कि यह महिलाओं के लिए भी पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करते हैं। आने वाले समय में और भी गांवों में ऐसे ही आधुनिक आंगनवाड़ी भवन बनाए जाएंगे। इस मौके पर जिला पार्षद मनेजर कश्यप, सरपंच पूर्व कृष जाजनपुर, सरपंच माण्डी सदरां कर्मबीर कश्यप, जे.ई. जोगिंदर सिंह, सुपरवाइजर अंजलि, स्कूल हेडमास्टर सुरजीत सिंह, आंगनवाड़ी वर्कर कोमल रानी व सुखवंत कौर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व कर्मचारी मौजूद रहे।



**कैथल।** गांव मांड़ी सदरां में आधुनिक आंगनवाड़ी भवन का उद्घाटन करते जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल।

**बच्चों के भविष्य का होगा सुनहरा विकास**

आधुनिक तकनीक से तैयार यह आंगनवाड़ी भवन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए आशा की नई किरण साबित होगा। यहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा, पोषाहार, खेलकूद और स्वच्छ वातावरण की सुविधाएं मिलेंगी। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगी।

**भवन बनेगा आदर्श शिक्षा का केंद्र**

नए भवन में बच्चों के लिए खेल, शिक्षा, पोषण और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वच्छ वातावरण, पर्याप्त रोशनी, बैठने की सुविधा और शिक्षण सामग्री के साथ यह भवन प्रारंभिक शिक्षा का आदर्श केंद्र बनेगा। अब गांव के अभिभावकों को अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

# नगर में नशा मुक्ति रैली का आयोजन छात्राओं ने दिए जागरूकता के संदेश

- नशे से शरीर के साथ ही होता है परिवार बर्बाद, इससे रहें दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन




**सीवन।** रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा एवं अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन के प्रांगण में मंगलवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा नशे से बचाव के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने की। यह रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्राओं ने नशा छुड़ाओ देश बचाओ, जो नशे को छुड़ाएगा वही सच्चा वीर कहलाएगा जैसे प्रभावी नारों के माध्यम से आमजन को नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो, वह हमारे स्वास्थ्य, समाज और राष्ट्र के लिए घातक है। हमें आज की युवा पीढ़ी को हर प्रकार के नशे से दूर रखने की दिशा में कार्य करना होगा।

# विद्यार्थियों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

- वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

कैथल पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष "सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम के तहत मंगलवार को करनाल रोड़ कैथल स्थित जैड किंग कोचिंग सैंटर में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

यह पहल एसपी उपासना और ट्रैफिक डीएसपी सुशील प्रकाश के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई। कार्यक्रम में एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश व अशोका लिलैंड ड्राइविंग संस्थान के मैनेजर पुनीत धीमान के साथ टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, ट्रिपल राइडिंग ना करें, ओवर स्पीड में ना चलें, टू व्हीलर में साइलेंसर का प्रयोग न करें व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन हमेशा निर्धारित गति सीमा का पालन करना अति आवश्यक है। साथ ही उन्हें नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, प्रेशर हॉर्न का दुरुपयोग न करने और हमेशा अपनी लेन का पालन करने की जानकारी दी गई।

## कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ नवरात्र का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

22 सितंबर से शुरू हुए पावन नवरात्रे का पर्व मंगलवार को कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हो गया। पिछले 9 दिन से उपवास रखकर मां दुर्गा के पावन चरणों में पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढुंढने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ा तथा एक.एक कंजक को कई-कई जगह मां दुर्गा का रूप धारण कर प्रसाद ग्रहण क रना पड़ा। प्राचीन काल से मान्यता चली आ रही है कि जो साधक नवरात्रे का व्रत कर अष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक भोजन करवाते हैंए उन पर मां भगवती अपना पूर्ण हाथ रखती है तथा उनकी पूजा अर्चना व उपवास को सफल बनाती है। कन्या पूजन के लिए हर नवरात्रे के अवसर पर कन्याओं को ढुंढते साधकों को देखा जाता हैए परंतु आम दिनों में लिंग भेद व भ्रूण हत्या के सहारे इन्हीं देवी स्वरूप कन्याओं को जन्म देने वाले कभी भी कन्या पूजन का विचार नहीं करते। परंतु अपना उपवास खोलने हेतु कन्याओं को भोजन करवाने व पूजन करने के लिए घर.घर में कन्याओं की ढुंढते देखे जा सकते हैं।



**राजौंद।** कन्या पूजन करते हुए श्रद्धालु।

# रामलीला में श्री राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीला का मंचन

- कलाकारों ने रामलीला में सुंदर अभिनय से किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में सोमवार को श्री राम–हनुमान मुलाकात, सुग्रीव की श्री राम से मित्रता एवं बाली वध की लीला का मंचन हुआ। लीला का प्रारंभ उस प्रसंग से हुआ जब भगवान श्री राम और लक्ष्मण माता सीता की खोज में वन-वन भटकते हुए शबरी से मिलते हैं। शबरी उन्हें प्रेमपूर्वक बेर खिलाती है और किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव से मिलने का मार्ग बताती है। श्री राम - लक्ष्मण की मुलाकात हनुमान जी से होती है। हनुमान जी उन्हें सुग्रीव से मिलवाते हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पीड़ा साझा करते हैं। मित्र धर्म निभाते हुए भगवान श्री राम ने सुग्रीव को बाली से युद्ध करने के लिए भेजा। पहली बार युद्ध में हारने पर सुग्रीव को भगवान श्री राम ने कारण बताया और पहचान के लिए अपनी माला पहनाई।



**सीवन।** रामलीला में अभिनय करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### बाली का किया वध

युद्ध में भगवान श्री राम ने बाली का वध कर दिया। बाली और सुग्रीव के द्वंद्व युद्ध, बाली–तारा संवाद और बाली–सुग्रीव संवाद दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहे। इसके बाद लक्ष्मण ने सुग्रीव का राज्याभिषेक कराया। क्लब के प्रधान चेतन शर्मा, उपप्रधान विनोद गौतम, सचिव अमित सैनी, कोषाध्यक्ष शेखर राणा व बंटी सैनी ने बताया कि लीला देखने के लिए सैकड़ों महिला-पुरुषों, युवक-युवतियों व बच्चों की भीड़ उमड़ी। हनुमान जी समुद्र लांघकर लंका पहुंचे। श्री राम का अभिनय जोगिंदर शर्मा, लक्ष्मण का अभिनय सुनील सैनी, माता सीता का अभिनय मुन्ना, हनुमान जी का रोल रोशन सैनी, बाली का रोल साबू आर्य और सुग्रीव का अभिनय मोहन सैनी ने किया।



**कैथल।** इंडस प्ले स्कूल में गरबा कार्यक्रम में प्रस्तुति देती माताएं।

## इंडस प्ले स्कूल में गरबा ग्लो फेस्ट में झूमी महिलाएं

**कैथल ।** इंडस प्ले स्कूल में गरबा ग्लो फेस्ट 2025 – नवरात्रि का रंगारंग उत्सव किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी की माताओं ने अपनी सुंदर पारंपरिक गुजराती वेशभूषा और उमंग से पूरे कैंपस को गरबा को रंगीन रोशनी से जगमगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल तनु पुनिया व डायरेक्टर अभिषेक सहारण द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मां दुर्गा से समृद्धि और शक्ति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विभिन्न रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं— आकर्षक रैम्प वॉक व गरबा क्वीन का ताज,पॉट एवं छलनी संतुलन प्रतियोगिता, मनोरंजक तंबोला खेल, गरबा की धुनों पर सामूहिक नृत्य विशेष आकर्षण रहा सिंदूर खेला जिसमें विवाहित महिलाओं ने एक-दूसरे को आशीर्वाद देते हुए परिवार की लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना की। उत्सव ने न केवल सभी को आनंदित किया बल्कि एकता, परंपरा और उत्साह की अमूल्य स्मृतियां भी दीं।

## बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी जरूरी : सतपाल जांबा



**दीप प्रज्वलित करते हुए विधायक सतपाल जांबा तथा अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं।**

**पूंडरी ।** डीएवी कॉलेज पूंडरी में उत्साह और उमंग के साथ संपूर्ण प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अपनी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया व अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ राजेश तुरान ने की। विधायक जांबा ने डीएवी कॉलेज प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अपनी प्रतिभाओं को पहचानकर जीवन में निरंतर प्रयास करना चाहिए और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं।

# जाट कालेज कैथल में एनसीसी कैडेट्स ने जन जागृति स्वच्छता अभियान चलाया

- जन जागृति स्वच्छता अभियान के महत्व के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट पीजी महाविद्यालय कैथल के धन्ना भक्त ऑडिटोरियम हॉल में जन जागृति स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार सिंह नैन , जाट कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एन.सी.सी .अधिकारी प्रो. अजीत ढुल ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुछ देकर स्वागत किया।एन.सी.सी. अधिकारी प्रो अजीत ढुल ने सत्र 2025- 2026 के पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला एवं एनसीसी कैडेट की उपलब्धियां के बारे में बताया। इस अवसर पर जन जागृति स्वच्छता अभियान के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया इस मौके पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने जन जागृति स्वच्छता अभियान के तहत रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया, यह जन जागृति रैली पेहवा चौक ,सर छोटू राम चौक ,आर.के.एस.डी. कॉलेज , अंबाला रोड विश्वकर्मा चौक से होते हुए हुड्डा सेक्टर 19, 20 सेक्टर के मार्ग से आते हुए कॉलेज प्रांगण में पहुंची।



**कैथल।** कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल व अन्य।

## रामलीला में रावण ने किया जानकी का हरण

**गुहला चीका।** अयोध्या व वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा श्री भवानी मंदिर में आयोजित श्री राम लीला उत्सव में रात प्रस्तुत किया गया प्रसंग दर्शकों को भावविभोर कर गया। मंचन में दिखाया गया कि कैसे रावण ने छल पूर्वक माता सीता का हरण किया और उन्हें लंका की ओर ले गया।मंचन का प्रसंग खरदूषण की मृत्यु की खबर लेकर शूर्पणखा रावण के पास पहुँचती है और उसे विस्तार से वृत्तांत बताती है। सूचना सुनकर रावण तिल मिला उठता है और मारीच को स्वर्ण मृग का रूप धारण करने के लिए बाध्य करता है।मारीच श्री राम के हाथों मोक्ष की कामना में रावण की बात मानकर पंचवटी की ओर निकल पड़ता है। स्वर्ण मृग को देखकर सीता माता उत्साहित हो जाती हैं और श्री राम से आग्रह करती हैं कि उसे पकड़कर लाएँ।श्री राम हिरण के पीछे जाते हैं और मारीच राम की आवाज निकालकर लक्ष्मण को बुलाता है।माता सीता के कहने पर लक्ष्मण रेखा खींचकर श्री राम की ओर निकल जाते हैं।



**गुहला चीका।** छल से रावण ने किया माता सीता का हरण।

## पोस्टर प्रतियोगिता में अक्षिता यादव रही प्रथम

**कैथल ।** आइजी महिला कॉलेज में विज्ञान विभाग ने विश्व रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताएं करवाई। प्रतियोगिता में पोस्टर प्रेजेंटेशन और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दो श्रेणियां शामिल थीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रहा अक्षिता यादव।

**सूचना**

मैं, रिंकू पुत्र गोपाल निवासी मकान नं. 657/ 56, चन्दाना रोड, शक्ति नगर, पट्टी डोगर कैथल तह. व जिला कैथल, हरियाणा बयान करता हूं कि मैं रिंकू उर्फ टिंकू दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता हूं और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं और दोनों नामों का मैं एक ही व्यक्ति हूं।

**पढ़ाई के साथ विद्यार्थी खेलों में भी दिखाएं रुचि, खेल शारीरिक विकास में सहायक**

# नरडांचल स्कूल के खिलाड़ियों ने खो-खो प्रतियोगिता में जीता रजत

> लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महारी छौरिया छौरो से कम नहीं है, यह एक बार फिर से सार्थक कर दिखाया नरडांचल स्कूल नरड की लड़कियों ने। जानकारी देते हुए स्कूल के डीपीई रणदीप ढुल ने बताया कि अयोध्या के अवध इंटरनेशनल स्कूल में 23 सितंबर से 27 सितंबर 2025 तक चल रही सीबीएसई नेशनल प्रतियोगिता में हमारे स्कूल की लड़कियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, नेशनल प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर करवाई गई जिसमें नरडांचल स्कूल की लड़कियों ने लीग ग्रुप में उड़ीसा,आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक को हराकर ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त किया क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और फिर सेमीफाइनल मैच में राजस्थान की टीम को हराकर केरल के साथ फाइनल मैच में रजत पदक के साथ संतुष्ट होना पड़ा टीम के कोच ने बताया कि सभी लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करके पूरे भारत के सीबीएसई स्कूलों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम का स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के एमडी श्री सुरेश नैन ने बच्चों को जीत की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की स्कूल में पहुंचने पर बच्चों को पुष्प मालाए पहनाकर बेहतरीन स्वागत किया गया और बच्चों के साथ-साथ स्कूल में बच्चों के माता-पिता को बुलाकर उनको भी सम्मानित किया गया स्कूल की प्रिंसिपल सीमा रानी ने बच्चों को जीत की बधाई दी। उन्होंने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और बताया कि खेलों में भाग लेने से बच्चों का स्वर्गणिया विकास होता है। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों के माता-पिता व स्कूल की प्रिंसिपल सीमा रानी, सपना ,भारती, शिल्पी,अमित सर, सुल्तान सर और अन्य स्टाफ मेंबर भी मौजूद रहे।



**कैथल।** खो खो में अव्वल रहे नरडांचल स्कूल के खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**खिलाड़ियों को प्रेरित किया**

एमडी सुरेश नैन ने बताया कि टीम के कोच रणदीप ढुल व टीम के सभी मेंबर कप्तान अंजलि, काजल, कोमल, दिया, दिव्या,कृष्टि, कशिश,रितिका, यामिनी गोयत, हिमांशी ,तमन्ना ,नैंसी जो स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी सुबह और शाम कड़ी मेहनत करते हैं और आज उसे मेहनत के बलबूते पर स्कूल को रजत पदक दिलवाया। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियां 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक जींद के अंदर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी टीम कोच व बच्चों को इसी तरह आगे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और बेहतर परिणाम की आशा की।

## बूथ-स्तर एजेंट की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

**सीवन।** भाजपा के सीवन मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर की अध्यक्षता में सीवन ब्लॉक समिति कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शक्तिकेंद्र प्रमुखों के साथ विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श कर प्रत्येक बूथ के संचालन को दुरुस्त करने, बूथ अध्यक्षों व पालकों के ज़म्मिवारी वितरण और बूथ-स्तर के एजेंट की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया ताकि गतिविधियां तेज़ी से और प्रभावी ढंग से बूथ स्तर पर सफल हो सकें। प्रवीण रसूलपुर ने कहा कि जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के नेतृत्व में कैथल जिले के संगठन को नई दिशा और गति मिली है तथा संगठनात्मक दृष्टि से जिला लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी जीन्द।**

दीपक कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र गुलजारी लाल निवासी बहबलपुर तह. व जिला जीन्द।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास (जरनल पब्लिक) को सूचित किया जाता है कि दीपक कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र गुलजारी लाल निवासी बहबलपुर तह. व जिला जीन्द ने एक किता दस्तावेज वसीयतनामा 77 दिनांक 05-07-2000 सब रजिस्ट्रार जीन्द इस कार्यालय में पेश किया है। उपरोक्त वसीयतनामा नं. 77, द्वारा एक प्लाट वाका आत्मा नगर जीन्द बारे बहक दीपक कुमार पुत्र ओमप्रकाश किया हुआ है। गुलजारी लाल का देहान्त दिनांक 14-09-2001 को हो चुका है। अब वसीयतनामा नं. 77 दिनांक 05-07-2000 के आधार पर दीपक पुत्र ओमप्रकाश पुत्र गुलजारी लाल उपरोक्त प्लाट वाका आत्म नगर जीन्द किसी अन्य के नाम ट्रांसफर करवाना चाहते है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त वारसान द्वारा तहरीर वसीका पंजीकृत होने बारे किसी को कोई एतराज या आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में असालतन या वकालतन किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। कोई आपत्ति ना आने की सूरत में नियमानुसार मृतक गुलजारी लाल पुत्र चन्दगी राम के वारसान तसदीक कर दिए जायेंगे व वसीयतनामा नं. 77 के आधार पर वसीका पजींकृत कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.9.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी जीन्द।

## खबर संक्षेप



### श्री सनातन धर्म मंदिर सभा का भव्य कार्यक्रम

**कैथल।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा, सेक्टर 19 पार्ट 2 हुडा द्वारा मंदिर परिसर में श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और भक्तों की भारी संख्या ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आज कलश यात्रा निकली। महिलाओं ने कलश उठा कर परिक्रमा की।

### नेत्र जांच शिविर में 61 मरीजों की आंखें जांची

**गुहला-चीका।** श्री भवानी सेवा समिति प्रधान कुलदीप माजरा ने बताया कि संस्था द्वारा मानव कल्याण चेरिटेबल आंखों का अस्पताल,अम्बाला शहर के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आज 61 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई दी गई। प्रधान ने बताया कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य धर्म संस्कृति को आगे बढ़ानना व मानव सेवा करना है।

### सीएचसी को शहर से दूर बदलने पर लोगों में रोष

**सीवन।** सीवन नपा के नागरिकों में हाल ही में सीएचसी को नगर सीमा से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने के निर्णय को लेकर चिंता और असंतोष देखा गया। इस फैसले के कारण नागरिकों, विशेषकर बुजुर्ग और गरीब तबके के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में कठिनाइयां बढ़ गई हैं। कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने सीवन नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा किया।

### सेवा पखवाड़ाः रक्तदान शिविर का आयोजन

**कैथल।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग तथा जिला रेडक्रॉस कार्यालय की संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिप सीईओ सुरेश राविश विशेष रूप से शामिल हुए। पात्र व्यक्तियों की पेंशन बनाई गई तथा मौके पर ही उन्हें पेंशन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

### अग्रोहा धाम मेला समाज की एकता का महापर्व

**जींद।** आगामी सात अक्टूबर को अग्रोहा धाम अग्रोहा में एक ऐतिहासिक, विशाल और भव्य राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी जातियों और धर्मों के लाखों श्रद्धालु बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। गोयल ने बताया कि इस राष्ट्रीय मेले में महा ब्रह्मत्र्रर्षि कुमार स्वामी, भजन गायक कन्हैया मित्तल, जी मीडिया ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा, कई राज्यों के कैबिनेट मंत्री, अग्रवाल समाज के कई राष्ट्रीय नेता प्रमुख तौर पर शिरकत करेंगे।

# जंक्शन ग्राउंड व अर्जुन स्टेडियम में रावण कुनबे के पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- कुंभकरण के लगाए सींग, रावण के पुतले की आंखें व मुंह चलता हुआ दिखाई देगा

जींद शहर में दशहरा पर्व दो अक्टूबर को अर्जुन स्टेडियम और रेलवे जंक्शन ग्राउंड में रावण के कुनबे का दहन किया जाएगा। अर्जुन स्टेडियम में जो पुतले दहन किए जाएंगे, उनमें से इस बार रावण की ऊंचाई 50 फीट रहेगी। जबकि पिछली बार रावण की ऊंचाई 45 फीट थी।





**जींद।** दशहरे के दिन दहन के लिए तैयार किए जा रहे रावण व उसके परिवार के पुतले।

रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार करने वाले कलाकार खरैती शर्मा, संजय शर्मा, बिरजू, अजय शर्मा, रेखा शर्मा व मंगली शर्मा का कहना है कि इस बार कुंभकरण के सींग लगाए गए हैं। आंखे लाल रहेंगी जो अंधेरा होने पर चमकेंगी। पिछली बार की तरह रावण की आंखें व मुंह चलता हुआ दिखाई देगा। इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई पांच फीट ज्यादा की गई है। पुतलों में आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा। पुतलों पर करीब डेढ़ लाख खर्च आया है। रावण दहन के दौरान मेले का भी आयोजन किया जाएगा। दशहरा पर्व को लेकर बाजार गुलजार हैं। दो अक्टूबर को रावण दहन होगा। फिलहाल कलाकार भी रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों को फाइनल टच दे रहे हैं। पिछले लगभग डेढ़ महीने से पुतले तैयार करने में लगे हुए हैं। तीनों पुतलों को तैयार करने पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हुए है। इस बार तीनों पुतले के जुतों के आकार में भी बदलाव किया गया है। तीनों पुतलों के जुतों बड़े हैं। रावण के पैर काले रंग, कुंभकरण के पैर पीले रंग और मेघनाथ के पैर गुलाबी बनाए हैं।

### पुश्तैनी काम, मेहनत जलती है तो दर्द भी होता है

श्याम नगर निवासी 76 वर्षीय खैरेती लाल ने बताया कि रावण परिवार के पुतले बनाने का काम विरासत में मिला है। उनके बाप व दादा पुतले बनाने का काम करते थे। समय के साथ इस कला में बदलाव भी आया है। उसके समेत परिवार के छह सदस्य पिछले 40 दिन से पुतले बनाने में लगे हुए हैं। जिनके निर्माण मे लागत भी अच्छी आती है। पुतलों के दहन को लेकर खैरेती लाल बताते हैं कि उन्हें मेहनत के बदले रुपये तो मिलते हैं लेकिन मेहनत को जलता देख दर्द भी होता है। बुराई का रूप जलाए जाने पर दिल को दिलासा भी मिलती है।

## आकाश में घुमड़े बादल, कहीं-कहीं पर हुई बूंदाबांदी

# धान फसल कटाई रफ्तार पर, मंडियों में आवक भी

बूंदाबांदी से धान की फसल पर मंडराने लगा खतरा, तापमान में भी गिरावट, अधिकतम 33 तो न्यूनतत 25 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धान की कटाई रफ्तार पकड़े हुए है। मंडियों में धान की आवक भी बढ़ रही है। ऐसे में मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों को फिर से दौराहे पर खडा कर दिया है। आकश में छाए बादल तथा बूंदाबांदी धान फसल पर खतरा बन कर मंडराते रहे। हालांकि बूंदाबांदी ने उमस से कुछ राहत दी। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम भी सुहाना बना रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। आद्रता 76 प्रतिशत तथा हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम अभी परिवर्तनशील बना हुआ है। तापमान मे गिरावट भी आएगी।

आकाश मे छाए बादल, उमस से राहत पिछले चार दिनों से तापमान में भी इजाफा हो रहा था। मौसम में उमस भी जबरदस्त बनी हुई थी। जिसने लोगों को बेहाल कर रखा था। मंगलवार को दिन को आगाज आंशिक बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम उमस भरा हो गया। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश मे बादल घिर आए। जिसके साथ हलकी बूंदाबांदी भी हुई। मौसम सुहाना बना गया। जिसने उमस से कुछ राहत दी। तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे।



**जींद।** मंडी में खुले में पड़ी धान।

### किसानों के माथे पर उभरी परेशानी की लकीरें

पहले लगातार बारिश ने किसानों की चिंता को बढाया। अब धान फसल पक कर तैयार है। कटाई रफ्तार पकड़े हुए है। धान फसल मंडियों में पहुंच रही है। हजारों क्विंटल अनाज मंडियों में खुले आसमां के तले पड़ी हुई है। जिसके कारणवश खरीद नही हो पाई है। अगर ऐसे हालात मे बारिश होती है तो फसल की गुणवत्ता में भी गिरावट आएगी। साथ में तैयार खड़ी फसल भी गिर जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून की वापसी हो रही है। जिसके असर से मौसम परिवर्तनशील हुआ है। अगले 24 घंटों में आकाश में बादलवाई देखने को मिलेगी। कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है। किसान अपनी फसलों को सुरक्षित कर लें। मौसम को ध्यान मे रख कर कृषि कार्य करें।

### खरीद प्रक्रिया में किसी भी गड़बड़ी से बचें



**जींद।** खरीद कार्य का जायजा लेते हुए अधिकारी।

### सुखी व साफ फसल मंडी में लेकर आएं किसान

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि पीआर धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल तथा कॉमन धान का 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर धान की आवक जारी है। धान खरीद कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुरूप किया जाए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा मंगलवार को सफीदों की अनाज मंडी में धान की खरीद प्रक्रिया शुरू करवाने उपरांत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले उन्होंने पीलूखेडा स्थित अनाज मंडी में धान का खरीद कार्य भी शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि सभी रिकार्ड समय पर तैयार किए जाएं। खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक करवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि दोनों मंडियों में लगभग 3200 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। सभी खरीद एजेंसी मंडियों में मापक यंत्र, बारदाना व अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मार्केट कमेटियों को भी सफीदों उपमंडल की सभी मंडियों में बिजली, पेयजल, सफाई, शौचालय, कीटनाशक व मच्छरनाशी छिड़काव की व्यवस्था तयार रखें।



**कैथल।** ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

# जिला को नशा मुक्त बनाने में समाज को देना होगा सहयोगः उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मनुष्य के साथ परिवार और समाज को भी खोखला बनाता है नशा

मंगलवार को एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा कैथल में विभिन्न स्थानो पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर युवाओं सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। एसपी उपासना ने कहा कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि उसके पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहकर पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर पुलिस टीमों ने नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को काउंसलिंग कर इलाज करवाने के लिए भी प्रेरित किया तथा लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पड़ोस में नशा करने वाले या नशा बेचने वालों की जानकारी पुलिस को गुप्त रूप से दें, ताकि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

### सामूहिक प्रयास आवश्यक

एसपी उपासना ने कहा कि जिला पुलिस संकल्पबद्ध है कि समाज को नशा मुक्त बनाया जाए और इसके लिए पुलिस प्रशासन हर स्तर पर प्रयासरत है। यह मुहिम तभी सफल होगी जब आमजन भी इसमें सक्रिय रूप से भाग लें अपने स्तर पर भी जागरूक करेगा।

# सालासर बालाजी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

जय हनुमान-जय हनुमान के नारों से गुंजायमान हुई सफीदों नगरी

श्री सतनारायण मंदिर सभा पुरानी अनाज मंडी सफीदों के तत्वावधान में सालासर बालाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य नगर परिक्रमा निकाली गई। नगर परिक्रमा को मंदिर समिति के प्रधान राजेंद्र मित्तल ने ध्वज दिखा कर रवाना किया। वहीं मुख्यातिथि के रूप में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी व पूर्व विधायक सुभाष गांगोली ने शिरकत की। वहीं विद्वान संजय अपराजिता, पं. महेश शर्मा, प. रविश गौतम, दिनेश गौतम, मनोज शर्मा, पं. जानकी पंत, आशीष शर्मा वैदिक मंत्रोचारण करते हुए यात्रा के साथ.साथ चल रहे थे। सैंकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण करके यात्रा के आगे-आगे चल रहीं थी। गण्यमान्य लोग घोड़ों पर बैठकर हाथ में ध्वजा उठाकर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। केसरियां रंग में रंगी बाबा हनुमान की टोलियों ने माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। यात्रा के साथ-साथ युवा नाच गाकर चल रहे थे। रास्ते में श्रद्धालुओं ने बाबा सालासर प्रतीमा के दर्शन करके उनका आशीर्वाद ग्रहण करते हुए प्रसाद लिया।



**जींद।** कलश उठाकर यात्रा में चलती हुई महिलाएं।

### हनुमान कलयुग के जीवित देवताः सतपाल ब्रह्मचारी

उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा इस आयोजन में शिरकत करके पुण्य के भागी बने। अपने संबोधन में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि हनुमान कलियुग के जीवित देवता है और सबके कष्टों के हरने वाले है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में धर्म का प्रचार व प्रसार व आपसी भाईचारा मजबूत होता है। समाज में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए।

### बिजली अदालत का शेड्यूल किया जारी

8, 14, 21 व 28 अक्टूबर पिहोवा चौक बिजली दफ्तर में सुनवाई

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्त शिकायत निवारण बिजली अदालत लगेंगी। यह बैठक 8 अक्तूबर, 14, 21, व 28 अक्तूबर को पिहोवा चौक स्थित बिजली विभाग के कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें बिजली संबंधित समस्याएं जैसे गलत बिल, रीडिंग, खराब मीटर जिनका स्थानीय अधिकारियों (एसडीओ / एक्सईएन) से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस बिजली अदालत के समक्ष रख सकते हैं।

# गांव में शहीद स्मारक का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

स्कूल स्टाफ एवं देश का भविष्य छात्र-छात्राओ ने इस आयोजन में भाग लिया

पूर्व सैनिक एल डी जयपाल ने 63 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से रात 3:00 बजे आख़री सांस ली। पूर्व सैनिक साथी के निधन पर एसोसिएशन के सदस्य उनके घर गांव करोड़ा में पहुंचे और एल डी जयपाल के पार्थिक शरीर पर तिरंगा ओढ़ कर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।एसोसिएसन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि पूर्व सैनिक एल डी जय पाल ने 17 पुणे हॉर्स जिन्होंने 20 वर्ष तक सेना में रहकर मातृभूमि की सेवा की उसके बाद हरियाणा बिजली विभाग के अंदर भी सेवा दी। एसोसिएसन प्रधान जगजीत फौजी ने पुष्प चक्कर (रीट) चढ़ाई एवं वहां पर पहुंचे सभी पूर्व सैनिकों ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद तिरंगा उनके पुत्र संजय व जगदीप को पुण्डरी प्रधान रिसालदार मेजर गोपीचंद करोड़ा, सूबेदार रणधीर सिंह पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी पाई एवं एसोसिएशन के साथियों ने सामूहिक रूप से तिरंगा भेंट किया और बताया कि ये तिरंगा एसोसिएशन के द्वारा दिया गया है और इस परिवार को अपने पिता की याद दिलाएगा कि हमारे पिता ने भी देश सेवा की हैं और उनके पुत्रों ने मुखाग्नि दी और पंच तत्व में विलिन हो गए। एसोसिएशन प्रधान ने सभी पूर्व सैनिकों को ये भी बताया कि 5 अक्टूबर को जो मासिक मीटिंग है वो पोस्ट पोन कर दी गई है। क्योंकि 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस है जो हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में मनाया जाएगा।



**कैथल।** एल डी जयपाल को श्रद्धांजलि देने पहुंचे एसोसिएशन सदस्य।

# भूपेंद्र हुड्डा तथा राव नरेंद्र की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहितः रिषीपाल



**जींद।** खुशी मनाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

**जींद।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष और राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांट कर ने खुशी जताई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष बनने से विपक्ष की भूमिका में पार्टी को मजबूती मिलेगी। जबकि राव नरेंद्र सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दोनों नेताओं के नेतृत्व में हरियाणा में अपनी स्थिति को मजबूत करने और जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में जोश बढा है। जनता की के हक की लडाई राव नरेंद्र के नेतृत्व मे कार्यकर्ता लडेगे। जबकि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा जनता के हक की लड़ाई विस में लड़ेंगे। इस मौके पर वजीर गंगोली, सतपाल सतू, पवन ढुहन, बिजेंद्र ढाठरथ, सारंग शमशेर ढाठरथ, दिनेश डाहौला, दीपक पिंडारा, कमल चौहान, जेपी रूहील समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक डांडिया की प्रस्तुति कर मोहा सबका मन

# मोतीलाल स्कूल में दुर्गा अष्टमी पर डांडिया का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राथमिक विभाग में दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग डांडिया कार्यक्रम का आयोजन हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सभी पारंपरिक परिधानों में सजकर माता दुर्गा की आराधना की और मनमोहक डांडिया प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों ने बच्चों को दुर्गा अष्टमी के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी मनाई जाती है। यह दिन मां महागौरी की उपासना का दिन है। इस दिन मां की विशेष पूजा व अर्चना कर भक्त सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। बच्चों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि डांडिया और गरबा का नृत्य माँ दुर्गा की भक्ति और शक्ति का प्रतीक है। डांडिया नृत्य में नन्हें-मुन्नों ने अपने रंग बिरंगे परिधानों और हाथों में सजे डांडियों के साथ सुंदर प्रस्तुति दी। उनके नृत्य ने वातावरण को और भी पावन और उत्सवमय बना दिया। सभी बच्चों के चेहरे पर उल्लास और ऊर्जा देखने योग्य थी। कार्यक्रम में बच्चियों ने माता की आराधना की और बालकों ने पारंपरिक धुनों पर डांडिया प्रस्तुत किया। बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहरी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन और देखरेख प्राथमिक विभाग की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा ने किया। उन्होंने बच्चों को न केवल डांडिया की महत्ता बताई बल्कि यह भी समझाया कि भारतीय पर्व और त्योहार हमारी परंपराओं और संस्कृतियों से हमें जोड़ते हैं।



**जींद।** डांडिया खेलते हुए बच्चे।

### सभी बच्चों को वितरित किया प्रसाद

विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षिक उपलब्धि तक सीमित नही है बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सामाजिक संस्कारों और सांस्कृतिक चेतना का भी विकास करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय प्रांगण में चारों ओर भक्ति और आनंद का वातावरण देखने को मिला। ऐसे आयोजन विद्यालय की उस सोच को दर्शाते हैं जिसमें शिक्षा और संस्कारों का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

### साहस का प्रतिक मां दुर्गा

प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों के उत्साह और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि माँ दुर्गा शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। उनके उपासना दिवस पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया डांडिया न केवल एक मनोरंजन का साधन है बल्कि यह हमारी संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास भी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, उत्साह और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में नन्हे-मुन्ने बच्चे भी भारतीय परंपराओं और त्योहारों को बड़े ही मनोयोग से अपनाते हैं। यह आयोजन निश्चित ही उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।